# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अका.) 0771–2262540 (कुलसचिव) फैक्स –0771–2262811,2262607


**क्रमांक– 4031/अका./शोध/2017** **रायपुर, दिनांक 12.05.2017**

## – अधिसूचना –

01. **पी–एच.डी. कोर्स–वर्क परीक्षा मंगलवार, दिनांक 06 जून, 2017** को आयोजित की जाएगी । परीक्षा का समय प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक होगा। परीक्षा केन्द्र विश्वविद्यालय अध्ययनशाला होगा। परीक्षा केन्द्र प्रभारी डॉ. बशीर हसन, केन्द्राध्यक्ष, द्वितीय पाली, विश्वविद्यालय अध्ययनशाला परीक्षा केन्द्र, 2017 ( संचालक, अध्यापक शिक्षा संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर) होंगे।

परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेब साईट www.prsu.ac.in-Administration-Academic-Academic Notification-Ph.D.course work Examination form 2017 पर उपलब्ध है।

02. समस्त आवेदक जो विभिन्न शोध केन्द्रों में विभागीय शोध समिति की अनुशंसा उपरांत नियमानुसार प्रवेश प्राप्त कर कोर्स–वर्क कर रहे हैं वे कोर्स वर्क हेतु परीक्षा आवेदन फार्म कोर्स–वर्क परीक्षा शुल्क रू.300/– सहित अपने शोध केन्द्र में ही दिनांक 15 से 25 मई 2017 तक जमा कर सकेंगे।

03. परीक्षा आवेदन फार्म पर आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो शोध केन्द्र प्रमुख द्वारा सत्यापित किया हुआ होना चाहिये।

04. महाविद्यालय स्थित शोध केन्द्रों के प्रमुख/प्राचार्य द्वारा समस्त आवेदकों के परीक्षा आवेदन फार्म 26 मई, 2017 तक आवेदकों की सूची सहित अध्यक्ष, (संबंधित) अध्ययनशाला, पं. र.शु.वि., रायपुर को उपलब्ध कराया जावे। तथा इसके पूर्व आवेदकों के परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय (वित्त विभाग) के कैश काउन्टर में जमा कर रसीद प्राप्त कर लिया जावे।

05. अध्ययनशाला शोध केन्द्रों द्वारा सुविधानुसार आवेदकों के परीक्षा शुल्क एकसाथ विश्वविद्यालय कोष में जमा कराया जा सकता है अथवा आवेदकों से Pay Slip के माध्यम से सीधे विश्वविद्यालय कोष में जमा कराया जा सकता है।

06. शोध केन्द्र प्रमुख द्वारा निम्नलिखित विषयों (जिनके अध्यापन की व्यवस्था विश्वविद्यालय परिसर में नहीं है) के परीक्षा आवेदन फार्म उनके सम्मुख दर्शित अध्ययन शाला को उपलब्ध कराया जावे :–

| क्रमांक | विषय | अध्ययनशाला का नाम |
|---|---|---|
| 01 | राजनीति विज्ञान | अर्थशास्त्र अध्ययन शाला |
| 02 | रक्षा अध्ययन | प्राचीन भारतीय इतिहास अध्ययन शाला |
| 03 | गृह विज्ञान | मनोविज्ञान अध्ययन शाला |
| 04 | पर्यावरण अध्ययन | रसायनशास्त्र अध्ययन शाला |
| 05 | प्राणीशास्त्र | जैविकी अध्ययन शाला |
| 06 | वनस्पति शास्त्र | बायोटेक्नालॉजी अध्ययन शाला |
| 07 | क्षेत्रीय अध्ययन | मानव विज्ञान अध्ययन शाला |
| 08 | शिक्षा | शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला |
| 09 | वाणिज्य | प्रबंध संस्थान |

07. **कोर्स वर्क के दौरान आवेदक छात्रों द्वारा नियमानुसार शोध केन्द्र में उपस्थिति पूर्ण होने पर ही वे कोर्स वर्क परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।**

contd. 2

08 परीक्षा हेतु आवेदकों को प्रवेश पत्र, अध्यक्ष, (संबंधित) अध्ययन शाला द्वारा जारी किये जाएंगे।

09. आवेदक छात्र प्रोजेक्ट वर्क अपने शोध–केन्द्र में ही दिनांक 30 मई, 2017 तक प्रस्तुत करेंगे। यह अंतिम तिथि होगी ।

10. छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट महाविद्यालयीन शोध केन्द्रों द्वारा दिनांक 02 जून, 2017 तक अध्यक्ष, (संबंधित) अध्ययन शाला को मूल्यांकन हेतु अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जावे।

11. विषय से संबंधित सेमीनार का आयोजन संबंधित अध्ययन शाला में ही किये जाएंगे। सेमीनार के आयोजन तिथि की सूचना अध्यक्ष, (संबंधित) अध्ययन शाला द्वारा घोषित की जाएगी।

12 बिन्दु क्रमांक–06 में उल्लेखित विषयों के प्रवेश पत्र उनके सामने उल्लेखित अध्ययनशाला द्वारा जारी किये जाएंगे। अन्य विषयों के प्रवेश पत्र संबंधित अध्ययनशाला द्वारा जारी किये जाएंगे। सेमीनार का आयोजन, मूल्यांकन तथा परीक्षा परिणाम की घोषणा उक्त अध्ययनशाला द्वारा किया जाएगा।

13. कोर्स वर्क की परीक्षा का परिणाम अध्यक्ष, (संबंधित) अध्ययन शाला द्वारा यथासंभव शीघ्र घोषित किया जावेगा।

कुलसचिव

पृ.क्रमांक– 4032/अका./शोध/2017 रायपुर, दिनांक 12.05.2017

प्रतिलिपि –

1. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, को सूचनार्थ कि समस्त शोध निर्देशकों को तथा कोर्सवर्क कर रहे समस्त आवेदकों को अधिसूचना से अवगत कराने का कृपया कष्ट करें तथा उपरोक्त समस्त आवश्यक कार्रवाई निर्धारित समयानुसार संपादित करेंगे।
2. प्राचार्य, समस्त शोध केन्द्र युक्त महाविद्यालय, को सूचनार्थ कि कोर्सवर्क कर रहे समस्त शोध निर्देशकों को तथा कोर्स वर्क कर रहे आवेदकों को अधिसूचना से अवगत कराने का कृपया कष्ट करें तथा उपरोक्त समस्त आवश्यक कार्रवाई निर्धारित समयानुसार संपादित करेंगे।
3. प्रो. बशीर हसन, केन्द्राध्यक्ष, द्वितीय पाली, विष्वविद्यालय अध्ययन शाला परीक्षा केन्द्र–2017 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाही हेतु अग्रेषित।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ अग्रेषित।
5. संपादक, समस्त समाचार पत्र, कृपया इसे छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करें।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ अग्रेषित।

उपकुलसचिव (अका.)

NGoswami 12/5/17